# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय,
## उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण), सीतापुर।

साई आर्शीवाद भवन, केशव ग्रीन सिटी, N.H. 24 शाहजहाँपुर बाईपास, सीतापुर, e-mail: eeruralsitapur@gmail.com

पत्र संख्याः 5112 / M-16 / 168 दिनांकः 29/06/2026

सेवा में,

जिलाधिकारी महोदय,
सीतापुर।

विषयः– **दैनिक समाचार पत्र दैनिक भास्कर में " धंधार में जल जीवन मिशन की पाइपलाइन फटीः ट्रायल में सैकड़ों लीटर पानी बर्बाद, राहगीर परेशान " शीर्षक से प्रकाशित खबर के सम्बन्ध में।**

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक दैनिक समाचार पत्र दैनिक भास्कर में " **धंधार में जल जीवन मिशन की पाइपलाइन फटीः ट्रायल में सैकड़ों लीटर पानी बर्बाद, राहगीर परेशान** " शीर्षक से दिनांक 27.06.2026 को प्रकाशित खबर के सम्बन्ध में सादर अवगत कराना है कि समाचार पत्र में प्रकाशित खबर विकास खण्ड रामपुर मथुरा की ग्राम पंचायत छतौनी पाइप पेयजल योजना से सम्बन्धित है।

ग्राम पंचायत छतौनी पाइप पेयजल योजना का कार्य अनुबन्धित फर्म मेसर्स एन0सी0सी0 लि0 द्वारा निर्माणाधीन है। योजनान्तर्गत 1 नग नलकूप, 1 नग पम्पहाउस, 1 नग शिरोपरि जलाशय, 1 नग सोलर सिस्टम, 1 नग बाउण्ड्रीवाल 42.224 किमी0 वितरण प्रणाली एवं 1515 नग पेयजल गृह संयोजन के कार्य प्रस्तावित है। प्रस्तावित कार्यों के सापेक्ष 1 नग नलकूप, 1 नग पम्पहाउस, 1 नग शिरोपरि जलाशय स्लैब लेवल तक, 1 नग सोलर सिस्टम, 1 नग बाउण्ड्रीवाल, 37.300 किमी0 वितरण प्रणाली एवं 270 नग पेयजल गृह संयोजन के कार्य पूर्ण करा लिए गए हैं। अवशेष कार्य प्रगति पर है। प्रणाली बिछाये जाने के दौरान बी0ओ0ई0 रोड 5.098 कि0मी0, सी0सी0 रोड 0.705 कि0मी0, एवं इण्टरलॉकिंग 3.817 कि0मी0 जिसके सापेक्ष बी0ओ0ई0 रोड 5.098 कि0मी0, सी0सी0 0.701, कि0मी0 एवं इण्टरलॉकिंग 3.439 कि0मी0 का पुर्नस्थापना का कार्य करा दिया गया है। समाचार पत्र में उल्लेखित स्थान पर पाइपलाइन मरम्मत का कार्य प्रगति पर है **(संलग्नक फोटोग्राफ)**। आज ही लीकेज मरम्मत का कार्य पूर्ण करा लिया जायेगा एवं वर्तमान में डारेक्ट पम्प के माध्यम से योजनान्तर्गत जलापूर्ति की जा रही है।

योजना के समस्त प्रस्तावित कार्यों को दिसम्बर 2028 तक पूर्ण कराया जाना लक्षित है। दिसम्बर 2028 तक योजना के समस्त कार्यों को पूर्ण कर योजना को कियाशील एवं जन उपयोगी कर दिया जायेगा।

अतः उपरोक्तानुसार आख्या आप महोदय की सेवा में सादर अवलोकनार्थ प्रेषित है।

**संलग्नक– उपरोक्तानुसार।**

भवदीय,

**अधिशासी अभियन्ता**

पृ0सं0 एवं दिनांक यथोपरिः–

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1– मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण), उ0 प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
2– अधीक्षण अभिन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
3– जिला सूचना अधिकारी, सीतापुर को सूचनार्थ प्रेषित।
4–सम्बन्धित सहायक अभियन्ता/जूनियर इंजीनियर को इस निर्देश के साथ कि उपरोक्त का अनुपालन सुनिश्चित करें।
5– मेसर्स एन0सी0सी0 लि0 को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि योजना के अवशेष कार्यों को ससमय पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

**अधिशासी अभियन्ता**

# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय,
## उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण), सीतापुर।

साईं आर्शीवाद भवन, केशव ग्रीन सिटी, N.H. 24 शाहजहाँपुर बाईपास, सीतापुर, e-mail: eeruralsitapur@gmail.com


पत्र संख्याः 5112 / M-16 / 168 दिनांकः 29/06/2026

सेवा, में,

जिलाधिकारी महोदय,
सीतापुर।

विषयः– **दैनिक समाचार पत्र दैनिक भास्कर में " धंधार में जल जीवन मिशन की पाइपलाइन फटीः ट्रायल में सैकड़ों लीटर पानी बर्बाद, राहगीर परेशान " शीर्षक से प्रकाशित खबर के सम्बन्ध में।**

महोद्रय,

कृपया उपरोक्त विषयक दैनिक समाचार पत्र दैनिक भास्कर में " **धंधार में जल जीवन मिशन की पाइपलाइन फटीः ट्रायल में सैकड़ों लीटर पानी बर्बाद, राहगीर परेशान** " शीर्षक से दिनांक 27.06.2026 को प्रकाशित खबर के सम्बन्ध में सादर अवगत कराना है कि समाचार पत्र में प्रकाशित खबर विकास खण्ड रामपुर मथुरा की ग्राम पंचायत छतौनी पाइप पेयजल योजना से सम्बन्धित है।

ग्राम पंचायत छतौनी पाइप पेयजल योजना का कार्य अनुबन्धित फर्म मेसर्स एन0सी0सी0 लि0 द्वारा निर्माणाधीन है। योजनान्तर्गत 1 नग नलकूप, 1 नग पम्पहाउस, 1 नग शिरोपरि जलाशय, 1 नग सोलर सिस्टम, 1 नग बाउण्ड्रीवाल 42.224 किमी0 वितरण प्रणाली एवं 1515 नग पेयजल गृह संयोजन के कार्य प्रस्तावित है। प्रस्तावित कार्यों के सापेक्ष 1 नग नलकूप, 1 नग पम्पहाउस, 1 नग शिरोपरि जलाशय स्लैब लेवल तक, 1 नग सोलर सिस्टम, 1 नग बाउण्ड्रीवाल, 37.300 किमी0 वितरण प्रणाली एवं 270 नग पेयजल गृह संयोजन के कार्य पूर्ण करा लिए गए हैं। अवशेष कार्य प्रगति पर है। प्रणाली बिछाये जाने के दौरान बी0ओ0ई0 रोड 5.098 कि0मी0, सी0सी0 रोड 0.705 कि0मी0, एवं इण्टरलॉकिंग 3.817 कि0मी0 जिसके सापेक्ष बी0ओ0ई0 रोड 5.098 कि0मी0, सी0सी0 0.701, कि0मी0 एवं इण्टरलॉकिंग 3.439 कि0मी0 का पुर्नस्थापना का कार्य करा दिया गया है। समाचार पत्र में उल्लेखित स्थान पर पाइपलाइन मरम्मत का कार्य प्रगति पर है **(संलग्नक फोटोग्राफ)**। आज ही लीकेज मरम्मत का कार्य पूर्ण करा लिया जायेगा एवं वर्तमान में डारेक्ट पम्प के माध्यम से योजनान्तर्गत जलापूर्ति की जा रही है।

योजना के समस्त प्रस्तावित कार्यों को दिसम्बर 2028 तक पूर्ण कराया जाना लक्षित है। दिसम्बर 2028 तक योजना के समस्त कार्यों को पूर्ण कर योजना को क्रियाशील एवं जन उपयोगी कर दिया जायेगा।

अतः उपरोक्तानुसार आख्या आप महोदय की सेवा में सादर अवलोकनार्थ प्रेषित है।

**संलग्नक– उपरोक्तानुसार।**

भवदीय,

**अधिशासी अभियन्ता**

पृ0सं0 एवं दिनांक यथोपरिः–

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1– मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण), उ0 प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
2– अधीक्षण अभिन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
3– जिला सूचना अधिकारी, सीतापुर को सूचनार्थ प्रेषित।
4–सम्बन्धित सहायक अभियन्ता/जूनियर इंजीनियर को इस निर्देश के साथ कि उपरोक्त का अनुपालन सुनिश्चित करें।
5– मेसर्स एन0सी0सी0 लि0 को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि योजना के अवशेष कार्यों को ससमय पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

**अधिशासी अभियन्ता**

टॉप न्यूज़
राज्य-शहर
क्रिकेट
भास्कर खास
DB ओरि...
स्पोर्ट्स
बॉलीवुड
जॉब - एजुके...
बिजनेस
लाइफ...
जीवन मंत्र
वुमन
देश
विदेश

Hindi News / Local / Uttar Pradesh / Sitapur / Chhatauni / Sitapur Jal Jeevan Mission Pipeline Burst | Water Wasted, Locals Face Trouble

# धंधार में जल जीवन मिशन की पाइपलाइन फटी: ट्रायल में सैकड़ों लीटर पानी बर्बाद, राहगीर परेशान

शुभम सिंह | छतौनी (महमूदाबाद), सीतापुर
2 दिन पहले




दैनिक भास्कर को Google पर पसंदीदा सोर्स बनाएं ➔
+Follow us

फीडबैक दें

फेक न्यूज...
ओपि...
मधुरिमा
मैगजीन
यूटिलिटी
लाइफ - साइंस
मध्य प्रदेश
उत्तरप्र...
राजस्थान
बिहार
यूपी खास

मिशन की अंडरग्राउंड पाइपलाइन ट्रायल के दौरान फट गई। शुक्रवार सुबह पानी की सप्लाई शुरू होते ही मुख्य सड़क किनारे पाइपलाइन का ज्वाइंट खुल गया, जिससे सैकड़ों लीटर पेयजल सड़क पर बह गया।

यह घटना 26 जून को सुबह करीब 10 बजे हुई। ग्रामीणों के अनुसार, पानी के तेज दबाव के कारण धंधार गांव में मुख्य सड़क से गांव की ओर मुड़ने वाली सड़क के किनारे बिछी पाइपलाइन में रिसाव शुरू हो गया। इससे राहगीरों और स्थानीय ग्रामीणों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ा।

जल जीवन मिशन के इंचार्ज सुनील यादव ने इस संबंध में बताया कि पाइपलाइन में गड़बड़ी का पता लगाने के लिए ही पानी छोड़ा गया था। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह एक ट्रायल था, जिसका उद्देश्य यह जानना है कि पानी कहाँ-कहाँ पहुँच रहा है, कहाँ रिसाव है और कहाँ पाइपलाइन फटी है।

इंचार्ज सुनील यादव ने आगे बताया कि जहाँ भी लीकेज या कमियाँ मिल रही हैं, उन्हें चिन्हित कर तुरंत मरम्मत की जा रही है। उन्होंने आश्वासन दिया कि धंधार में फटी पाइपलाइन के इस पॉइंट को भी जल्द ही ठीक कर लिया जाएगा।

दैनिक भास्कर को Google पर पसंदीदा सोर्स बनाएं →
+Follow us

फीडबैक दें

Download App from
GET IT ON Google Play
Download on the App Store

Follow us on

Advertise with Us | DB Reporter | Sitemap | Terms & Conditions and Grievance Redressal Policy | Contact Us | RSS | Cookie Policy | Privacy Policy

Our Divisions
DainikBhaskar.com
DivyaBhaskar.com
BhaskarEnglish.in
DivyaMarathi.com
MoneyBhaskar.com
BhaskarAd.com

Copyright © 2024-25 DB Corp ltd., All Rights Reserved

This website follows the DNPA Code of Ethics.


Latitude: 27.40622
Longitude: 81.257627
Elevation: 117.23±2.5 m
Accuracy: 3.0 m
Time: 06-29-2026 14:41
Note: जी पी छतौनीब्लाक रामपुर मथुरा
Powered by NoteCam

